झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

PROJECT RAIL

(REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING)

GENERAL SCHOOL

विषय : इतिहास | कक्षा : 11

समय : 1 घण्टा | पूर्णांक : 20

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्न–पत्र में कुल 12 प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
2. प्रश्न के प्रकार एवं अंक :

   प्रश्न 1 से 6 – वस्तुनिष्ठ प्रश्न **6 x 1 = 6**

   प्रश्न 7 से 10 – लघु उत्तरीय प्रश्न **4 x 2 = 8**

   प्रश्न 11 एवं 12 – दीर्घ उत्तरीय प्रश्न **2 x 3 = 6**
3. प्रश्न संख्या 1 से 6 बहुविकल्पीय प्रकार है। 6 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से 2 प्रश्न योग्यता आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न 1 से 6 के लिए चार विकल्प दिए गए है, सही विकल्प **(A, B, C, D)** का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखना है।
4. परीक्षा की समाप्ति से पहले किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं है।

SECTION - A वस्तुनिष्ठ प्रश्न **6x1=6**

1. यूरोपियों द्वारा अमेरिका की खोज किस वर्ष मानी जाती है?

   A) 1492 B) 1592

   C) 1392 D) 1692
2. "रेड इंडियन" शब्द का प्रयोग किसके लिए किया जाता था?

   A) अफ्रीकी लोगों के लिए B) अमेरिका के मूल निवासियों के लिए

   C) एशियाई लोगों के लिए D) ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए
3. ऑस्ट्रेलिया में मूल निवासियों को क्या कहा जाता है?

   A) एस्किमो B) एबोरिजिनल

RAIL 03.11.2026

C) माओरी D) रेड इंडियन

4. यूरोपीय लोगों द्वारा भूमि अधिग्रहण का मुख्य कारण क्या था?
   A) शिक्षा B) धर्म प्रचार
   C) कृषि और संसाधनों का दोहन D) खेल
5. .मूल निवासियों की जनसंख्या में गिरावट का प्रमुख कारण क्या था?
   A) शिक्षा B) रोग और युद्ध
   C) व्यापार D) मौसम
6. 'रिजर्वेशन' नीति का संबंध किससे है?
   A) शिक्षा B) भूमि संरक्षण
   C) मूल निवासियों को सीमित क्षेत्रों में बसाना D) व्यापार

SECTION - B लघु उत्तरीय प्रश्न 4x2=8

7. यदि यूरोपीय लोग अमेरिका नहीं आते, तो मूल निवासियों का जीवन किस प्रकार अलग हो सकता था? संक्षेप में बताइए।
8. ऑस्ट्रेलिया में भूमि पर अधिकार के बारे में यूरोपियों और मूल निवासियों के विचारों में क्या अंतर था? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
9. "रोगों ने युद्ध से अधिक नुकसान पहुँचाया।" इस कथन का उपनिवेशवाद के संदर्भ में विश्लेषण कीजिए।
10. क्या आपको लगता है कि 'रिजर्वेशन नीति' मूल निवासियों के हित में थी? अपने तर्क दीजिए।

SECTION - C दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 2x3=6

11. यूरोपीय उपनिवेशवाद को क्या केवल आर्थिक विस्तार माना जा सकता है, यह सांस्कृतिक व सामाजिक प्रभुत्व भी था? अमेरिका के उदाहरण के साथ अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।
12. "भूमि से बेदखली केवल भौतिक नुकसान नहीं, बल्कि पहचान और संस्कृति का भी ह्रास है।" ऑस्ट्रेलिया के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए।

RAE 03.11.2026